भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 821
04.02.2026 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड योजना की धनराशि में वृद्धि

821. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजमः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के अंतर्गत वार्षिक आवंटन को वर्तमान 5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष से और अधिक करने के लिए कोई प्रस्ताव या सिफारिश विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

मंत्रालय, विभिन्न हितधारकों से नियमित रूप से सुझाव प्राप्त करता है और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार उनकी जांच करता है, जिनमें निधि पात्रता में संशोधन के प्रस्ताव भी शामिल हैं। वर्तमान में, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के तहत वार्षिक आवंटन को 5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की मौजूदा सीमा से अधिक बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****